Sixteenth Loksabha

an>

Title: Presentation of the 13th, 14th, 15th and 16th Reports of Committee on Welfare of Other Backward Classes.

श्री गणेश सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदया, मैं अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित चिकित्सा संस्थाओं में ओबीसी के लिए कार्यान्वित की जा रही आरक्षण नीति की समीक्षा' के बारे में समिति के तीसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 13वां प्रतिवेदन।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय से संबंधित 'तेल और प्राकृतिक गैस निगम में रोजगार में ओबीसी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय' के बारे में समिति के नौवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 14वां प्रतिवेदन।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से संबंधित 'भारतीय खाद्य निगम में रोजगार में ओबीसी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय' के बारे में समिति के 11वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 15वां प्रतिवेदन।

विद्युत मंत्रालय से संबंधित 'एनटीपीसी लिमिटेड में रोजगार में ओबीसी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय' संबंधी 16वां प्रतिवेदन।